पुष्कर-किशनगढ़ क्लीन एंड ग्रीन ईको सिटी के रूप होगा विकसित

- बजट में अजमेर को मिली कई सौंगाते
- राज्य की भजनलाल सरकार का बजट निराशाजनक-राठौड़

अजमेर, (कासं)। राजस्थान सरकार की वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को राजस्थान का बजट पेश किया। अजमेर में सेक्टर रोड के लिए अन्य शहरों के साथ 575 करोड़ रुपए प्रस्तावित किए गए। स्मार्ट सिटी योजना की तर्ज पर किशनगढ़ पुष्कर सहित अन्य शहरी क्षेत्रों को 900 करोड़ रुपए खर्च का प्रावधान रखा। भाजपाइयों ने जहां बजट को विकास के लिए मिल का पत्थर बताया तो वहीं कांग्रेसियों ने बजट को निराशाजनक और जनविरोधी बताया।

राजस्थान सरकार की वित्त मंत्री दिया कुमारी बुधवार को पेश किए गए बजट में अजमेर में सेक्टर रोड के लिए अन्य शहरों के साथ 575 करोड़ रुपए प्रस्तावित किए। स्मार्ट सिटी योजना की तर्ज पर किशनगढ़ पुष्कर सहित अन्य शहरी क्षेत्रों को 900 करोड़ से क्लीन एंड ग्रीन ईको सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा।

साइंस इनोवेशन सेन्टर में इनोवेशन हब की स्थापना के साथ यहां पर डिजिटल प्लेनेटेरियम बनाने की घोषणा की। संभागीय मुख्यालय पर 50 बेडेड सरस्वती होम स्थापित करने, जिला अस्पतालों में डायबिटिक क्लिनिक खोलने व पीएचसी पर डिजिटल एक्सरे मशीन लगाने की घोषणा की गई। ग्रामीण टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए देवमाली-ब्यावर सहित अन्य शहर विकसित करने व 20 करोड़ रुपए खर्च करने की घोषणा भी की गई। प्रत्येक पंचायत पर अटल ज्ञान केंद्र बनाएंगे। पहले चरण में 3 हजार से ज्यादा जनसंख्या वाले पंचायत केंद्रों पर यह केंद्र बनेंगे। जनता की समस्याओं का निराकरण के लिए 10 लाख रुपए से प्रत्येक विधानसभा में विधायक जनसुनवाई केंद्र बनेगा। एमएलए लैड स्कीम के तहत बनेगा। बजट निराशाजनक-राठौड़ पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने आज राजस्थान की भजनलाल सरकार के पेश बजट को निराशाजनक बताया है। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ राठौड़ ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य की भजनलाल सरकार का बजट निराशाजनक साबित हुआ है। इस बजट से हर वर्ग नाखुश है। किसानए मध्यम वर्ग और युवाओं को बजट से निराशा मिली है। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ केवल धोखेबाजी हुई है, युवाओं को नौकरियों के नाम पर निराशा ही हाथ लगी है। तीनों ही वर्गों को बजट में कुछ खास नहीं मिला है। बजट में भविष्य के लिए भी कोई खास प्लान दिखाई नहीं दिया।

कांग्रेसियों ने बताया जनविरोधी : राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिवकुमार बंसल महेश चौहान अशोक बिंदल , डॉ संजय पुरोहित, इंटक नेता डॉ एस डी मिश्रा, बलवीर सिंह पलारिया, मामराज सेन जिला अध्यक्ष सतीश वर्मा महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष हितेश्वरी टॉक एवं पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता, कैलाश झालीवाल, प्रताप यादव व सुनिल लारा ने राजस्थान बजट 2025 को जन विरोधी बजट बताया है। कांग्रेसियों ने प्रेस वक्तव्य जारी कर बताया कि राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने आज राजस्थान सरकार का दूसरा पूर्ण बजट विधानसभा में पेश किया। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में विधानसभा को बताया कि जन घोषणा पत्र का 50 प्रतिशत एवं पिछले बजट की 70 प्रतिशत घोषणाओं को पूरा किया जा चुका है। वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बजट भाषण के दौरान विधानसभा एवं राजस्थान की जनता को गुमराह किया है।

अजमेर डेयरी ने 21 से एक लीटर दूध पर एक रूपए घटायेगी

अजमेर (कासं)। अजमेर डेयरी के अध्यक्ष श्री रामचन्द्र चौधरी ने बताया कि त्यौहारों के मौसम में, व अजमेर डेयरी के उपभोक्ताओं में सरस दुग्ध व दुग्ध उत्पादों के प्रति बढते हुए रूझान व विश्वास के कारण 21फरवरी से 1 लीटर टोन्ड, 6 लीटर टोन्ड, 1 लीटर गोल्ड 6 लीटर गोल्ड की पैंकिंग के उपभोक्ता मूल्य में एक रूपये प्रति लीटर कमी की जा रही है।

अजमेर डेयरी के प्रबंध संचालक रामलाल चौधरी ने बताया कि अब सरस टोन्ड दूध का उपभोक्ता मूल्य टोन्ड 1 लीटर 51रूपए, टोन्ड 6 लीटर 306 रूपए, गोल्ड 1 लीटर 65 रूपए, गोल्ड 6 लीटर 390रूपए प्रति लीटर पैकिंग में कर दिया गया है, आने वाला सीजन पर्व व त्यौहारों का है जिसमें उपभोक्ताओं द्वारा सरस दूध की बढती मांग व खपत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उपभोक्ताओं को अजमेर डेयरी की ओर से शुद्ध, ताजा एवं सुरक्षित व स्वास्थ्यवर्धक दूध व दुग्ध उत्पाद अजमेर जिले में उपलब्ध करवाए जा रहे है जो कि, अजमेर डेयरी के अत्याधुनिक तकनीक वाले नवीन प्लांट में प्रोसेस व पैक किये जा रहे है। साथ ही उपभोक्ताओं से निवेदन है कि भ्रमित न होवे एवं पैकिंग पर एम.आर.पी. प्रिंट मूल्य देख कर ही दुग्ध व दुग्ध उत्पाद खरीदें। अगर कोई विक्रेता प्रिंट मूल्य से अधिक मूल्य पर दुग्ध व दुग्ध उत्पाद विक्रय करता हुआ पाया जावे तो तुंरत इसकी शिकायत डेयरी के टोल फ्री नम्बर 180018060824 पर करें।

शिवाजी महाराज की जयंती पर युवाओं ने लिया स्वाभिमान भक्ति का संकल्प

- अजमेर में धूमधाम से मनाई जयंती

अजमेर, (कासं)। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई। राजस्थान कुर्मी क्षत्रिय संस्था अजमेर इकाई के तत्वाधान में पड़ाव स्थित शिवाजी पार्क में बड़ी संख्या में समाज के लोग, गणमान्य नागरिक और युवा पुष्प व माल्यार्पण कर नमन किया।

मुख्य अतिथि डिप्टी मेयर नीरज जैन ने शिवाजी महाराज के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने हिंदू राष्ट्र की स्थापना कर साहस और पराक्रम का उदाहरण पेश किया।

उन्होंने भारतीय संस्कृति की रक्षा करते हुए स्वराज्य की स्थापना की। इस अवसर पर सुनील दत्त जैन ने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपनी रणनीतिक कुशलता और गोरिल्ला युद्ध नीति के माध्यम से मुगलों को परास्त कर कई महत्वपूर्ण किलों पर विजय प्राप्त की, उन्होंने औरंगजेब की नीतियों का पुरजोर विरोध किया और जजिया कर के खिलाफ संघर्ष किया। कार्यक्रम में शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए गए।

वक्ताओं ने उनके प्रशासनिक कौशलए युद्धनीति और जनता के प्रति उनके न्यायपूर्ण व्यवहार की सराहना की। इस दौरान समाज के युवाओं ने शिवाजी के बताए मार्ग पर चलने और देशभक्ति की भावना को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

व्यापारिक संगठनों ने भी दी श्रद्धांजलि: राजस्थान कुर्मी क्षत्रिय संस्थान, जन सेवा समिति, सर्वधर्म समिति, व्यापारिक संगठनो के पदाधिकारियो एवं अन्य संगठनो द्वारा मराठा किंग महाराजा छत्रपति शिवाजी स्मारक पर उनकी जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण करके नमन किया।

कार्यक्रम संयोजक वार्ड 34 के पार्षद व राजस्थान कुर्मी क्षत्रिय संस्थान के महासचिव महेन्द्र राव ने बताया कि महाराज छत्रपति की प्रतिमा एवं स्मारक को उनके नेतृत्व में नगर निगम से साफ-सफाई करवाकर और सजावट करके आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थन कुर्मिक्षत्रिय संस्थान के अजमेर इकाई के संरक्षक बलजीत सिंह कटियार, राजेन्द्र वर्मा, परमजीत सिंह कटिहार, भूदेव सिंह गंगवार, मान सिंह, महेन्द्र राव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के शेखर कटिहार, पुष्पा कटिहार, गीता कटिहार, राजीव सिंह, राजन सिंह, रामशरण गंगवार, अर्जुन सिंह, सोहन सिंह, ताराचन्द टोपिया, प्रो. एसके बैरवा, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

भाजपा ने विकास का बजट बताया

मसूदा,। विजय सिंह रावत भारतीय जनता पार्टी मण्डल अध्यक्ष मसूदा ने बुधवार उपमुख्यमन्त्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट सराहनीय रहा। इसमें सभी तबके को ध्यान रखा गया है राजस्थान को विकास के पंख लगेंगे सडक पानी बिजती आम लोगो की जरूरत के हिसाब से बजट में सम्पूर्ण ध्यान रखा है। नये जिले के लिए करोड़ों का बजट दिया है साथ देवमाती' घाम के लिए करोडों का बजट दिया है। साथ ही विधायक मसूदा के प्रयास से विधानसभा में करोड़ों के कार्य बजट मेंशामिल किया गया है। बहुत अच्छा बजट देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व विधायक का मण्डल अध्यक्ष मसूदा विजयसिंह रावत व भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा धन्यवाद आभार जताया। राजस्थान सरकार के बजट को बताया सबका साथ सबका विश्वास वाला कहा 2047 का विजन लेकर कर रही है डबल इंजन की सरकार काम किसने कर्मचारी मध्य वर्ग वालों को मिलेगा लाभ भजनलाल सरकार का बजट कई क्षेत्रों में देगा विकास का नया आयाम। भाजपा नेता जसराज पंवार मसूदा। मसूदा ब्लॉक कांठोस द्वारा अत्यंत ही निराशाजनक बजट है आम आदमी के लिए कुछ भी नहीं है। पूरे प्रदेश की जनता को हताश करने वाले बजट में हर वर्ग की उपेक्षा की गई है! प्रदेश में गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी से लोग बुरी तरह त्रस्त है महंगाई और रोजगार की दिशा में कोई घोषणा नहीं हुई। बजट बहुत ही निराशाजनक है।

मंडल सदस्य रामकन्या को श्रद्धांजलि अर्पित की

अजमेर (कासं)। अजमेर डेयरी के संचालक मण्डल की सदस्य रामकन्या देवी, सदस्य संचालक मण्डल व अध्यक्ष जालिया दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, केकडी का स्वर्गवास 18 फरवरी को हो गया। अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि तीन बार संचालक मण्डल की सदस्य रही है और अजमेर डेयरी के लिये सहज उपलब्ध रही। उनके योगदान को अजमेर डेयरी द्वारा हमेशा याद किया जायेगा। इस कठिन घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट करता हूँ। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। इस अवसर पर संघ के प्रबन्ध संचालक रामलाल चौधरी एवं अजमेर डेयरी अधिकारीगण व कर्मचारीगण द्वारा भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

नकद पुरस्कार जीतें

ब्यावर। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा ब्यावर द्वारा आगामी 9 मार्च, रविवार को केसरी नन्दन गार्डन" में "योग आहूति" कार्यक्रम में सूर्यनमस्कार प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में 15 से 35 वर्ष तथा 36 से 55 वर्षों के दो आयु वर्गों में से प्रत्येक आयु वर्ग में प्रतिभागियों को 2100 रुपए की नकद राशि जीतने का मौका मिलेगा, साथ ही उपविजेता को 1100 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त को 500 रुपये नकद राशि प्रदान की जायेगी।

किसानों का हुआ पंजीयन

अजमेर, (कासं)। फार्मर रजिस्ट्री शिविर के अन्तर्गत जिले में अब तक 21052 किसानों का पंजीकरण किया गया। इस दिन तक शिविरों में 23907 आवेदन प्राप्त हुए। अतिरिक्त जिला कलक्टर वंदना खोरवाल ने बताया कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित हो रहे है। इसके साथ-साथ सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविरों में किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री कराने पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सीधा पात्र काश्तकार को मिलना सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में प्राप्त 23907 आवेदनों में से 21052 किसानों का पंजीकरण हुआ। जिले में 1435 को पीएम किसान योजना, 1904 का मंगला पशु बीमा योजना, 41 को किसान क्रेडिट कार्ड, 2041 को पशु टीकाकरण, 5647 को पशु चिकित्सा उपचार, 349 को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, 32 को पालनहार योजना, 207 को पट्टे वितरण, 240 को जन्म-मृत्यु पंजीयन, 71 को खाद्य सुरक्षा लाभ, 45 को पीएम सूर्य घर योजना, 4018 को आयुष्मान कार्ड, 655 को आयुष्मान वय वंदन योजना, 2927 की ई-केवाईसी, 972 को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 4887 किसानों के ऑनलाईन आवेदन, 87 फसल बीमा पॉलिसी, 3557 मोबाईलों में राज किसान सुविधा एप, 230 नए जीएसएस सदस्य जोड़े गए एवं 7 पालनहार के पंजीकृत का नवीनीकरण किया गया।

'राजस्थान बजट प्रदेश के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए है'

पुष्कर । राजस्थान विधानसभा में बुधवार को उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत किए गए राज्य बजट पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह जी रावत ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस बजट को प्रदेश के आर्थिक सुदृढ़ीकरण और आमजन के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि राजस्थान बजट ने राज्य के जल संसाधनों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए कई योजनाएं प्रस्तुत की हैं, जो न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा देंगी, बल्कि कृषि और ग्रामीण क्षेत्र के विकास में भी अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने जल संकट से निपटने के लिए कई योजनाओं का ऐलान किया है, जो आने वाले समय में प्रदेश में जल की आपूर्ति में सुधार लाएंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन के लिए भी ठोस कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस बजट में किसानों, महिलाओं और बेरोजगारों सहित सभी वर्गो के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की गई है, जो प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगी। इसके साथ ही, सरकार ने प्रदेश की बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रमुख योजनाओं की शुरुआत की है।

रावत ने इस बजट को राज्य के समग्र विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया और विश्वास जताया कि इससे राजस्थान का आर्थिक विकास तेज होगा और आमजन को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया: पुष्कर विधानसभा क्षेत्र को राजस्थान बजट में अनेकों महत्वपूर्ण सौगात देने के लिए जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और वित्त मंत्री व उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बजट क्षेत्र के विकास में नई दिशा प्रदान करेगा और पुष्कर क्षेत्र के निवासियों के लिए कई लाभकारी योजनाएं साकार होंगी।

रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हमेशा पुष्कर क्षेत्र की प्राथमिकताओं को समझा है और उनके द्वारा दी गई सौगातें क्षेत्रवासियों के कल्याण में सहायक होंगी।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 24 को

मेडतासिटी (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का घोष के वार्षिकोत्सव का आयोजन दिनांक 24 फरवरी को होगा। संघ के नगर कार्यवाह जुगल किशोर ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर स्वयंसेवकों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। मेड़ता के पारीक पाठशाला परिसर में होगा वार्षिक उत्सव का आयोजन। वार्षिकोत्सव में प्रदर्शन करने वाले वादको ने नियमित रूप से अभ्यास शुरू कर दिया है। इस आयोजन को लेकर नगर के नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। नगर कार्यवाह जुगल किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह होंगे तो वहीं कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत तोपखाना हवलदार मांगीलाल बेड़ा होंगे। साथ ही कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में राष्टीय स्वयंसेवक संघ जोधपुर प्रांत के प्रांत प्रचारक विजयानंद होंगे।

अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

पुष्कर (निसं)। बुधवार को पुष्कर के नए बस स्टैंड गौतम आश्रम के सामने कुछ अतिकर्मियों ने अस्थाई अतिक्रमण करके चाय का स्टॉल की दुकान लगाकर नए बस स्टैंड पर यात्रियों की बैठने की जगह को अतिक्रमण मुक्त कराया। दअरसल आज बुधवार सुबह पुष्कर नगर परिषद की आयुक्त जनार्दन शर्मा ने नया बस स्टैंड सुमित आसपास के क्षेत्र का मौका निरीक्षण किया मौका निरीक्षण के दौरान बस स्टेशन के यात्रियों के बैठने की जगह पर अस्थाई दुकानदारों ने अतिक्रमण को हटाने के लिए अतिक्रमण तोडू दस्ते के प्रभारी को आदेश किए थे।

इस पर दोपहर को अतिक्रमण तोड़ो दस्ते के प्रभारी लोकेंद्र सिंह जमादार कैलाश चंद ,दीपक गोयर ,पुखराज समेत पूरा दस्ता मौके पर पहुचकर अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही शुरू की तो अतिक्रमियों ने दस्ते के साथ विरोध करते हुए हातपाई पर उतर आए इसके बाद नगर परिषद के अधिकारियों ने मौके पर पुलिस बुलाकर अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया इसके बाद नगर परिषद के दस्ते ने यात्रियों की बैठने की जगह को खाली करवाया और फुटपाथ पर सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया।

इसके अलावा बजरंग कॉलोनी के पीछे करीब 1000 गज जमीन पर कुछ अज्ञात भूमाफियाओं ने नगर परिषद की बेश कीमती भूमि पर हम भी लगाकर अतिक्रमण करते हुए दो अस्थाई झोपड़ी लगा दी और उक्त जमीन को कब्जा किया जिसकी बक नगर परिषद को लगता है यह तुरंत मौके पर पहुंचकर उक्त झोपड़ियां को हटाकर खंभे को तोड़कर मौके पर पड़े सामान जप्त करने की कार्रवाई की।

पायलेट प्रोजेक्ट नक्शा कार्यक्रम से आमजन को मिलेगी राहत

- नागर परिषद में लाईव प्रसारण को देखा

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। केंद्रीय भूमि संसाधन विभाग द्वारा राजस्थान में किशनगढ सहित दस बडे शहरो को डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स मॉडनाईजेशन में शामिल करने पर पायलट प्रोजेक्ट नक्शा के राष्ट्रीय शुभारंभ समारोह के आयोजन को लाईव प्रसारण नगर परिषद में देखा गया। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

पायलट प्रोजेक्ट के तहत ड्रोन सर्वे सहित जी आई एस मैपिंग के आधार पर शहरी कॉलोनियों का विस्तृत भू-नक्शा, स्थानिक मानचित्र तैयार करना, भूमि उपयोग, मालिकाना हक, शहरी योजना और विकास के लिये उपयोग डाटा उपलब्ध कराना, भूमि विवादो को कम करना, सम्पति अधिकारो को सुरक्षित करना आदि कार्य किये जायेगे। परिषद सीमा क्षेत्र का ड्रोन सर्वे करने के लिये विभाग ने बीस टीमों का गठन किया है। नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड ने प्रोजेक्ट के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा की इससे आमजन को बड़ी राहत मिल सकेगी। इस दौरान आयुक्त सीता वर्मा, उपसभापति मनोहर तारानी, भाजपा जिला महामंत्री वैदप्रकाश दाधीच, मंडल अध्यक्ष अमित अठावाल, पार्षद हिम्मत सिंह शेखावत, अनिल राव, भैरूलाल मालाकार, शंकर शर्मा, भागचंद कुमावत, जगदीश सिंह शेखावत, बलराम सामरिया, धन्नालाल यादव, परमेन्द्र जोशी, सुरेन्द्र सिंह शेखावत आदि पार्षद सहित नायब तहसीलदार कैलाशचंद जोशी, आई एल आरघनश्याम सिंह, सर्वेयर पी के मिश्रा, अधिषाशी अभियन्ता संदीप यादव, एटीपी सुनील खज्जा, सहायक अभियंता त्रिलोचन कुमावत, आर ओ कमल शर्मा व आर्किटेक्ट उपस्थित रहें।

चाक पूजन की रस्म की अदा

अजमेर, (कासं)। अजमेर में शुरू हुए अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन में बुधवार को किन्नर समाज द्वारा चाक पूजन की रस्मे के साथ ही कलश यात्रा निकाली। सम्मेलन में भाग लेने देशभर से आए किन्नरों ने नाचते गाते कलश यात्रा में शामिल हुए। 21 फरवरी को किन्नर समाज की ओर से शोभायात्रा भी निकल जाएगी। अजमेर की गद्दीपति व मुख्य आयोजक सलोनी भाई ने बताया कि अजमेर में किन्नर महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को चाक पूजा का आयोजन हुआ। पूजन के बाद कलश यात्रा निकली गई। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा निभाई गई रस्मों के मद्देनजर चाक पूजन की रस्म अदा की गई, 21 पंडितों द्वारा पूजन कराया गया। उन्होंने बताया कि चाक के पूजन के दौरान कुमारों को ढाई तोला सोना, 200 ग्राम पाजेब और 11 हजार नगर दी गई। 21 फरवरी को एक शोभायात्रा भी धूमधाम से निकाली जाएगी।

दो पक्षों में हुए मारपीट विवाद में 11 लोग गिरफ्तार

- पुलिस ने कोर्ट में किया पेश, अदालत ने भेजा जेल

अजमेर, (कासं)। गंज थाना क्षेत्र के लोंगिया मोहल्ले में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के मामले में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। गंज थाना पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए बुधवार को 11 लोगों को गिरफ्तार कर आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश न्यायाधीश ने दिए। गंज थाने के एएसआई कुंदन सिंह ने बताया कि लोंगिया मोहल्ले में 17 फरवरी देर रात दो पक्षों में हुई लड़ाई में एक पक्ष के संजय भट्टू ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था।

मामले में एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की तफ्तीश सीओ लक्ष्मण भाकर की ओर से की जा रही थी। इस दौरान मुकदमे में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को बुधवार सुबह कोर्ट में पेश किया। न्यायालय के द्वारा सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए गए। वहीं मामले में अब दूसरे पक्ष ने भी गंज थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है, जिसने पीडित् ने मारपीट, छेड़छाड़ सहित अन्य आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। सीओ लक्ष्मण भाकर ने बताया कि दूसरे पक्ष की रिपोर्ट पर तफ्तीश की जा रही है। नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

कोर्ट परिसर में हुआ हंगामा:- गंज थाना पुलिस जब मामले में गिरफ्तार 11 आरोपियों को कोर्ट में लेकर पहुंची। सुरक्षा के मद्देनजर सिविल लाइन थाना प्रभारी राजवीर सिंह सहित पुलिस जाब्ता कोर्ट के बाहर तैनात कर दिया था। इसी बीच वकील के कोर्ट में अंदर जाने को लेकर थाना प्रभारी और वकील आपस में उलझ गए।

मेड़ता को बजट सत्र में मिलेगी कई सौगातें

मेड़ता सिटी,(निसं)। राजस्थान विधानसभा बजट 2025-26 पेश मेड़ता को विधायक लक्ष्मण राम कलरु के अथक? प्रयासों से अनेक सौगातें मिली। मेड़ता को कई सौगातें मिलने के बाद मेड़ता विधायक कलरू ने राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और उपमुख्यमंत्री प्रेम बैरवा का आभार जताया। वही बजट में पेयजल हेतु करीब सवा 9 करोड़ और लांबा जाटान के जी एस एस को 220 केवी अपठोडेशन हेतु करीब 97 करोड़ की राशि सहित अच्छी सौगातें मिली। वही बजट सत्र के दौरान आगामी दिनों में गोटन राजकीय महाविद्यालय , ग्रामीण जल योजना के अंतर्गत ग्राम बासनी सेजा, डोटोलाई एवं लुणियास में पेयजल सप्लाई कार्य तथा भूनास में पाइपलाइन व जलाशय के कार्य हेतु 9 करोड़ 11 लाख रुपए लांबा जाटान में 220 केवी जीएसएस की स्वीकृति उपखंड स्तर पर खेल स्टेडियम ,जसनगर पुलिस चौकी पुलिस थाना में क्रमोन्नत ग्राम धांधलास में सब स्वास्थ्य केंद्र से नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत हो सकते हे।

बाबा हरीराम साहब जी का जन्मोत्सव आज

भीलवाड़ा। हरीशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के आराध्य गुरू बाबा हरीराम साहब जी का 156 वां जन्मोत्सव 20 फरवरी 2025 गुरुवार को सांय 5 से 8 बजे तक आश्रम में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि बाबा हरीराम साहब का जन्म अखण्ड भारत के सिन्ध प्रान्त में भंगु बिहण में सन् 1869 में सिन्धी तारीख 21 माघ को हुआ। बाबा हरीराम साहब अपने गुरू बाबा कृपाराम साहब के समाधिस्थ होने के उपरान्त सन् 1904 में परम्परानुसार गद्दी पर बिराजमान हुए। बाबा जी नौ वर्ष की आयु में ही दरबार साहब में शिष्य बने एवं दीक्षा पश्चात् बाबा कृपाराम साहब जी ने उनका नाम 'हरीराम' रखा। सर्वजन से प्रेमभाव रखने वाले बाबा हरीराम साहब का उपदेश था कि सादा खाओ, सादा पहनो और वाणी का अभ्यास करो बाबाजी के जन्मोत्सव के उपलक्ष मे प्रात:काल गुरूजनों की समाधि साहब पर श्रंगार होकर पूजन अर्चन होगा। जगद्गुरू श्रीचन्द्र जी महाराज एवं सतगुरूओं की मूर्तियों, चरण पादुकाओं एवं छड़ी का पूजन कर स्मरण किया जायेगा।

नाम परिवर्तन

मैं के चिन्नाम्मा पत्नी सुद्दला हरि पवन कुमार आर्मी नंबर 14645042M रैंक HAV पता वीसी कॉलोनी, पोस्ट- नंदयाला, तहसील- नंदयाला, जिला- नंदयाला, राज्य- आंध्र प्रदेश, पिन कोड 518501 मेरे पति भारतीय सेना में कार्यरत हैं रिकॉर्ड में मेरा नाम के चिन्नाम्मा गलत अंकित हो गया है, सही नाम कटारी चिन्नाम्मा है जो आधार कार्ड में अंकित है, जिसे सही किया जाय।

NAME CHANGE

I, Savita Yadava is Spouse of Army No.JC-671423P, SUB MAJ, Name:-Rakesh Yadava, Residing At Vill & Po- Fatehpur Atwa, Teh- Ghazipur, Dist- Ghazipur, U.P 233001 have change my name from Savita Yadava to Savita Yadav vide Affidavit No.BW753768 Dt 19/02/2025 before Court campus Nasirabad

आम सूचना

मेरी मां श्रीमती शान्ति देवी पत्नी स्व. रामप्रसाद मीणा जाति मीणा निवासी परासिया किशनगढ़ जिला अजमेर का दिनांक 11 जुलाई 2010 को निवास स्थान पर स्वर्गवास हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थी- मोहन लाल मीणा पुत्र रामप्रसाद मीणा

मसूदा पुलिस थाना और तहसील का निरीक्षण

मसूदा, (निसं)। जिला कलेक्टर महेंद्र खडगावत ने मसूदा उपखंड कार्यालय पंचायत समिति,मसूदा पुलिस थाना और तहसील का निरीक्षण का प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और नागरिक सुविधाओं को और अधिक सुचारु करने पर जोर दिया।इस दौरान जिला कलेक्टर ने कार्यालयों में उपस्थित कार्मिकों से वार्ता कर उनकी कार्यशैली की जानकारी व किसी भी प्रकार की आसुविधा आदि के विषय में वार्ता कर कहा कि सरकार की योजनाओं का समय पर आमजन को लाभान्वित करें ।निरीक्षण के दौरान ज्ञापन देने आए ग्रामीणों से जिला कलेक्टर ने पूछा कि आप लोगों का कार्य समय पर होता है या नहीं किसी भी विभाग में लापरवाही तो नहीं बढ़ती जाती है । निरीक्षण के दौरान अलग-अलग गांव के ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर अपनी पीड़ा बतलाई ग्राम लोरडी के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को बताया कि लोरडी बांध की मोरी खुलवाने को लेकर कहा कि लोरड़ी बांध से जोरावरपुरा जयसिंहपुरा कल्याणपुरा की मोरी से पानी नहीं लेने दिया जा रहा है जिससे हमारे गांव कि फैसले जलने की कंगार पर आ सही है। चुकी पूर्व में इस बांध के पानी के कारण हम ग्रामवासी द्वारा खेतों में बुवाई कर दी गई थी लेकिन अब फैसले पक कर तैयार हो चुकी है एवं बांध के पानी से मोरी नहीं खोलना दी जा रही है जिससे फसलों को नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को जिला कलेक्टर के मध्य नजर रखते हुए लोरडी बंद का पानी की मोरी खुलवाने की मांग की ताकि ग्रामीण अपनी फसलों की सिंचाई कर सके इस पर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से वार्ता कर जल्द मोरी खुलवाने के दिशा निर्देश दिए।इसी दौरान ग्राम - मोहनपुरा ग्राम पंचायत देवमगरी में विगत 1 वर्ष से नरेगा का कार्य बंद है। पूर्व में हमने ग्राम पंचायत व उच्च अधिकारीयों को अवगत करा दिया गया है। दिनांक 18.2-2025 को मस्ट्रोल जारी कर ग्राम विकास अधिकारी द्वारा वापस मस्टरोल ले किये गये हैं। सो हमारे गांववासी बेरोजगार हो रहे हो सो उवित कार्यवाही कर हमें रोजगार दिलवाने की मांग की गई। इस दौरान दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।जिला कलेक्टर को मसूदा निवासी गोपाल जोशी ने जिला कलेक्टर से मांग करते हुए बताया कि मसूदा बांदनवाड़ा स्टेट हाईवे पर अतिक्रमण अभी तक नहीं हटाया गया जिसकी शिकायत 19 दिसंबर 2024 को अतिगमन हटाने को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था जिसको आज दिनांक तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया अतिक्रमण को जल्दी हटा कर राहत दिलाने की मांग की। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन एवं ब्लॉक प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

सेशन न्यायाधीश ने दिए निर्देश